# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा — पंचम् (बजट) सत्र

संख्या-13 — गुरुवार, दिनांक-18 मार्च, 2021 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.42 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण ने आसन से अनुरोध किया कि आज होनेवाले क्रिकेट मैच हेतु ड्रेस के लिए विपक्ष के माननीय सदस्यों की भी माफी ली जाय।)

### 1.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नो का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

#### (i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-26

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल-05, | अ० सू०-222, श्री बंधु तिर्की, | स०वि०स०, |
| | अ० सू०-223, श्री राज सिन्हा, | स०वि०स०, |
| | अ० सू०-224, श्री ढुलू महतो, | स०वि०स०, |
| | अ० सू०-225, श्री नारायण दास, | स०वि०स०, |
| | अ० सू०-226, श्रीमती पुष्पा देवी, | स०वि०स०। |
| (ख) अनागत कुल-21, | अ० सू०-227 से अ० सू०-247 तक। | |

#### (ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-62

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल-09, | तारां०-579, श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह, | स०वि०स०, |
| | तारां०-580, श्री रामदास सोरेन, | स०वि०स०, |
| | तारां०-581 श्री नलिन सोरेन, | स०वि०स०, |
| | तारां०-582, श्रीमती सविता महतो, | स०वि०स०, |
| | तारां०-583, श्री लोबिन हेम्ब्रम, | स०वि०स०, |
| | तारां०-584, श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, | स०वि०स०, |
| | तारां०-585, श्री अमित कुमार मण्डल, | स०वि०स०, |
| | तारां०-586, श्री उमाशंकर अकेला, | स०वि०स०, |
| | तारां०-587, श्री इन्द्रजीत महतो, | स०वि०स०। |
| (ख) अनागत कुल-53, | तारां०-588 से लेकर तारां०-640 तक। | |

### 2.सूचनाओं का दिया जाना:-

i- माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने चलते बजट सत्र मे दिनांक-22.03.2021 को निर्धारित कृषि बिल पर चर्चा की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आपत्ति जतायी। उन्होंने आसन से अनुरोध किया कि यह केन्द्र से सम्बन्धित है, अतएव इसपर विधान सभा मे

चर्चा कराया जाना उचित नहीं है जिसका समर्थन माननीय सदस्य, श्री भानु प्रताप शाही ने भी किया,

ii- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि उक्त विषय पर चर्चा नहीं किये जाने सम्बन्धी कहीं उल्लेख नहीं है.

iii- उक्त विवाद पर आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि कृषि बिल पर चर्चा कराये जाने सम्बन्धी निर्णय कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिया गया था।

## 3.शून्यकाल की सूचनायें :-

आज के लिए स्वीकृत निम्नांकित शून्यकाल की सूचनायें माननीय सदस्यों द्वारा पढ़ी गयी-

श्री उमाशंकर अकेला,
श्रीमती अपर्णासेन गुप्ता,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
श्री बिगा सुसारन होरो,
श्री दशरथ गागराई,
श्री रामचन्द्र सिंह,
श्री समीर कुमार मोहन्ती,
श्री किशुन कुमार दास,
श्री बंधु तिर्की,
श्री दीपक बिरूवा,
श्री नारायण दास,
श्री लम्बोदर महतो,
श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह,
श्री कोचे मुण्डा,
श्री राजेश कच्छप,
श्री कुशवाहा शशिभूषण मेहता,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्रीमती पुष्पा देवी,
श्री विनोद कुमार सिंह,
श्री राज सिन्हा,
श्रीमती ममता देवी,
श्री इन्द्रजीत महतो,
श्री इरफान अंसारी,
श्री निरल पुरती,
श्री प्रदीप यादव।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी द्वारा कृषि बिल पर चर्चा के सम्बन्ध में की गयी आपत्ति पर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्यसंचालन नियमावली का उल्लेख करते हुए आसन का ध्यानाकृष्ट किया कि सदन में इस विषय के गुण-दोषों पर चर्चा करायी जा सकती है जिसका समर्थन माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह एवं माननीय सदस्य, श्री बंधु तिर्की द्वारा भी किया गया।)

(शोरगुल)

क्र० क्र० ३०-

**4.कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना:-**

माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा ने पूरे देश सहित राज्य में पुन: तेजी से बढ़ रहे कोरोना की रोकथाम हेतु दिये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना को आसन द्वारा पढ़ा गया तत्पश्चात् नियमानुकूल नहीं होने के कारण इसे अमान्य किया गया।

**5.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें:-**

(इस अवसर पर माननीय सदस्या, श्रीमती नीरा यादव ने अपने कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न खदानों में हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आसन का ध्यान आकृष्ट किया।)

i- माननीय सदस्य, श्री लोबिन हेम्ब्रम से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

ii- माननीय सदस्य, श्री राजेश कच्छप के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर सरकारी वक्तव्य से असंतुष्ट होकर पक्ष-विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्य इस पर विशेष समिति बनाये जाने की माँग को लेकर सदन की वेल में आ गये। अतएव विषय की गम्भीरता को देखते हुए उक्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना को स्थगित किया गया तत्पश्चात् सभी माननीय सदस्य अपने-अपने स्थान पर चले गये,

iii- माननीय सदस्य, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा एवं अन्य से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी परन्तु माननीय प्रस्तावक सदस्यों के अनुरोध पर इसे भी स्थगित किया गया।

**6.वित्तीय कार्य:-**

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय प्रभारी मंत्री, श्री सत्यानन्द भोक्ता द्वारा वित्तीय वर्ष-2021-22 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों खण्ड-(07) श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण तथा कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग, ऊर्जा विभाग, वाणिज्यकर विभाग तथा खनन एवं भूतत्व विभाग की माँगे सभा में प्रस्तुत की गयी जिसपर माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

**7.वित्तीय कार्य(क्रमांक-6 से जारी):-**

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत माँग पर आसन के निदेश से माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने चर्चा प्रारंभ की। इसके बाद निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी भाग लिया-

डॉ० सरफराज अहमद,

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री नारायण दास द्वारा गोड्डा सांसद की पत्नी पर झूठा मुकदमा करनेवाले देवघर के सम्बन्धित पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की ओर आसन का ध्यानाकृष्ट किया गया।)

श्री नवीन जायसवाल,

श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह,

ह० ह० उ० —

(माननीय सदस्या, श्रीमती अपर्णासेन गुप्ता एवं श्रीमती पुष्पा देवी द्वारा नाराजगी स्वरूप सदन से बहिर्गमन किया गया तत्पश्चात् माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण के अनुरोध किये जाने पर आसन द्वारा उन्हें वापस लाने के लिए माननीय सदस्य, श्री रणधीर कुमार सिंह, श्री इरफान अंसारी एवं श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह को निदेश दिया गया तत्पश्चात् उन्हें सदन में लाया गया।)

श्री प्रदीप यादव,

श्री लम्बोदर महतो,

श्री सरयू राय,

श्री विनोद कुमार सिंह,

(इस अवसर पर सदन की सहमति से कार्यवाही पर्यन्त सभा का समय विस्तारित किया गया।)

श्री दशरथ गागराई।

## 8.आसन से घोषणा:-

आज के लिए निर्धारित क्रिकेट मैच हेतु टीम की घोषणा निम्न रूप से आसन द्वारा की गई-

| | |
|---|---|
| माननीय अध्यक्ष, कप्तान | माननीय मुख्यमंत्री, कप्तान |
| श्री रणधीर कुमार सिंह, उप कप्तान | श्री प्रदीप यादव, उप कप्तान |
| श्री नवीन जायसवाल | डॉ० इरफान अंसारी, उप कप्तान |
| श्री अमर कुमार बाउरी | श्री बन्ना गुप्ता(मंत्री) |
| श्री आलोक चौरसिया | श्री विकास कुमार मुण्डा |
| श्री अमित कुमार मंडल | श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी |
| श्री अनन्त कुमार ओझा | श्री राजेश कच्छप |
| श्री भानू प्रताप शाही | श्री भूषण बाड़ा |
| श्री मनीष जायसवाल | श्री कुमार जयमंगल |
| श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा | श्री बसंत सोरेन |
| श्री बिरंची नारायण | श्री उमाशंकर अकेला |
| श्री राज सिन्हा | श्री मिथिलेश ठाकुर(मंत्री) |
| श्री लम्बोदर महतो | श्री बादल(मंत्री) |
| श्री इन्द्रजीत महतो | श्री सुखराम उराँव |
| श्री नारायण दास | श्री बंधु तिर्की |
| श्री केदार हजरा | डॉ० सरफराज अहमद |
| श्री जय प्रकाश भाई पटेल | श्री अमित कुमार यादव |
| श्री दुलू महतो | श्री विनोद कुमार सिंह |
| श्री कुशवाहा शशिभूषण मेहता | श्री आलमगीर आलम |
| श्री कोचे मुण्डा | श्री हफीजुल हसन |

क्र० पृ० 30—

9.वित्तीय कार्य(क्रमांक-7 से जारी):-

एवं श्री हुलू महतो।

इसके बाद सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, श्री सत्यानन्द भोक्ता द्वारा वित्तीय वर्ष-2021-22 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों खण्ड-(07) श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण तथा कौशल विकास विभाग सभा द्वारा स्वीकृत हुआ तथा माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ।

(सरकारी उत्तर के क्रम में भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों ने विरोधस्वरूप सदन से बहिर्गमन किया।)

इस क्रम में डॉ० इरफान अंसारी ने जामताड़ा जिले के मिहिजाम में उद्योग स्थापित किये जाने तथा माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने झारखण्ड गठन के पश्चात् बिजली उत्पादन में लगातार कमी होने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक-19.03.2021 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

महेन्द्र प्रसाद,<br>
सचिव,<br>
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,<br>
दिनांक- 18 मार्च, 2021ई०।